प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 मई 2022

## बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – अप्रैल 2022

अप्रैल 2022 महीने के लिए चुनिंदा 40 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, अप्रैल 2022 में खाद्येतर बैंक ऋण[1] में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 4.7 प्रतिशत थी।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण की वृद्धि अप्रैल 2022 में 10.6 प्रतिशत (अप्रैल 2021 में 10.7 प्रतिशत) पर मजबूत बनी रही।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अप्रैल 2022 में बढ़कर 8.1 प्रतिशत हो गई, जबकि अप्रैल 2021 में इसमें 0.4 प्रतिशत की कमी आई थी। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले वर्ष के 44.8 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल 2022 में 53.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि बढ़कर 29.0 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 8.7 प्रतिशत थी, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3.6 प्रतिशत की कमी आई थी।

- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'रत्न और आभूषण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', और 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि अप्रैल 2022 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़ी। हालांकि, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'कपड़ा' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक वर्ष पहले के 2.4 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल 2022 में बढ़कर 11.1 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी', 'व्यापार', 'पर्यटन, होटल एवं रेस्तरां' और 'परिवहन ऑपरेटरों' के कारण था।

- वैयक्तिक ऋण खंड ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें वृद्धि अप्रैल 2022 में बढ़कर 14.7 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल 2021 में यह 12.1 प्रतिशत थी, जो प्रमुख रूप से 'आवास' और 'वाहन ऋण' खंडों द्वारा संचालित था।

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/285**

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।